हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

**तापमान**

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

10 सुभाषचंद बोस कन्या छात्रावास में 12वीं छात्रा ...



12 वोट चोरी व एसआईआर मुद्दे पर कांग्रेस ने किया ...



भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
27 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
9

## खबर संक्षेप

### कल वर्षा की चेतावनी ऑरेंज अलर्ट जारी

**कांकेर।** मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जिले में 28 अक्टूबर को भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इस दौरान गरज-चमक के साथ 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनके झोंके 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की आशंका है। मौसम को देखते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। किसानों को फसलों की कटाई और सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। नागरिकों से पेड़ों, बिजली के खंभों और खुले स्थानों से दूर रहने कहा गया है।

### राजनीतिक बयानबाजी में मर्यादा और सैवधानिक पदों की गरिमा को बनाए रखने की अपील

# अभद्र टिप्पणी पर भाजयुमो बिफरा कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा कथित रूप से की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर कांकेर जिले में सियासी माहौल गरमा गया है। कथित टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांकेर के पुराना बस स्टैंड में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री के प्रति कथित अमर्यादित बयान को लेकर नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शनकारियों ने मल्लिकार्जुन खड़गे से अपने कथित बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कांग्रेस अध्यक्ष की कथित टिप्पणी की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक ⏭ शेष पेज 10 पर



### पीएम पद की गरिमा से जुड़ा विषयः संजू गोपाल

*भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद पर आसीन हैं। ऐसे में उनके प्रति कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध और वैचारिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन सार्वजनिक मंचों से दिए जाने वाले बयानों में संयम और मर्यादा का पालन किया जाना चाहिए। उन्होने आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की ओर से प्रधानमंत्री के विरुद्ध बार-बार अमर्यादित टिप्पणियां किए जाने से राजनीतिक संवाद का स्तर प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध दर्ज कराने के अनेक संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके हैं। किसी भी राजनीतिक दल के नेताओं को अपनी बात रखते समय ऐसी भाषा से बचना चाहिए, जिससे राजनीतिक वातावरण में अनावश्यक कटुता बढ़े। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक पदों के सम्मान के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से कथित बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग भी की।*

### नारेबाजी कर जताई नाराजगी


पुराना बस स्टैंड में आयोजित प्रदर्शन के दौरान भाजपा एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। पुतला दहन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने कथित टिप्पणी के प्रति असहमति जताई और राजनीतिक बयानबाजी में मर्यादा बनाए रखने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी मुद्दे पर असहमति व्यक्त करना प्रत्येक राजनीतिक दल का अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक संवाद में शालीनता और सम्मान बनाए रखना आवश्यक है।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, हीरा मरकाम, विजयलक्ष्मी कौशिक, दीपक खटवानी, नीलू तिवारी, शैलेंद्र शोरी, गिरधर यादव, दिनेश रजक, ईश्वर कावड़े, घनेंद्र सिंह ठाकुर, पीयूष वलेचा, उत्तम जैन, संजय सिन्हा, भूपेंद्र कुंवर, हर्षल गजबिये और जतिन अटमैया सहित भाजपा एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में एक 21 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान शंकर नगर मुल्ला निवासी 21 वर्षीय सागर कावड़े पिता स्व. सुखनंदन कावड़े के रूप में हुई है। घटना ⏭ शेष पेज 10 पर



## स्कूटी से 40 पौवा व घर से कच्ची शराब जब्त, 2 गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना चारामा पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को देशी शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी शराब, एक स्कूटी और 300 रुपये नगद जब्त किए हैं। जब्त शराब की कुल मात्रा 7.2 लीटर तथा



अनुमानित कीमत 4 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर को मुखबिर से जानकारी मिली कि भिरौद रोड की ओर एक व्यक्ति स्कूटी में अवैध रूप से देशी शराब लेकर जा रहा है। जानकारी की तस्दीक कर पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी किया। इसी दौरान स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीजे 8132 के चालक को भिरौद रोड पर छोटे पुल के नजदीक रोककर पूछताछ की गई। चालक ने अपना नाम तेलगरा निवासी 40 वर्षीय दिनेश साहू पिता चुनरूराम होना बताया। स्कूटी की तलाशी ⏭ शेष पेज 10 पर

## जीएसटी पर कांकेर पिछड़ा, अब 90 का लक्ष्य, विभाग ने कमर कसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जीएसटी नियमों के पालन में कांकेर क्षेत्र की स्थिति सुधारने के लिए राज्य कर विभाग ने अब कमर कस ली है। निर्धारित समय-सीमा के बाद भी जिले में 30 प्रतिशत से अधिक करदाता जीएसटी की मासिक विवरणी दाखिल नहीं कर रहे हैं, जबकि राज्य स्तर पर यह आंकड़ा 10 प्रतिशत से कम बताया गया है। इस अंतर को कम करने के लिए विभाग ने समय पर विवरणी दाखिल करने की दर 90 प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए व्यापारियों को जागरूक करने, नियमित संपर्क बनाए रखने और कर संबंधी प्रक्रियाओं में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने पर चर्चा की गई।

- व्यापारियों को जागरूक करने और स्थानीय युवाओं को लेखांकन का प्रशिक्षण देने पर जोर

जीएसटी नियमों के पालन में सुधार लाने और करदाताओं को समय पर विवरणी दाखिल करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य कर विभाग के कांकेर कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त आयुक्त राज्य कर सुनील चौधरी, उपायुक्त राज्य कर मंगेश करेकर और सहायक आयुक्त राज्य कर अंचला गिरी उपस्थित रहीं। आयोजित बैठक में अधिकारियों ने कहा कि जीएसटी की मासिक विवरणी निर्धारित समय-सीमा में दाखिल करना जरूरी है। इससे व्यापारियों को विलंब शुल्क और अन्य अनुपालन संबंधी परेशानियों से बचने में मदद मिलती है। करदाताओं से नियमित संपर्क, समय-समय पर रिमाइंडर और निर्धारित तिथियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा की गई। आयोजित बैठक में लगातार तीन वर्षों से अधिक समय तक राज्य जीएसटी के अंतर्गत नगद कर भुगतान शून्य दर्शाने वाले व्यापारियों के मामलों की समीक्षा पर भी चर्चा हुई। ऐसे मामलों में कर दायित्व, वास्तविक मूल्य संवर्धन और इनपुट टैक्स ⏭ शेष पेज 10 पर

### स्थानीय युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

*दूरस्थ क्षेत्रों में प्रशिक्षित लेखाकारों की कमी को समय पर जीएसटी विवरणी दाखिल नहीं होने का एक प्रमुख कारण बताया गया। इसके समाधान के लिए स्थानीय युवाओं और लेखांकन सीखने के इच्छुक लोगों को बहीखाता संधारण, मूलभूत लेखांकन तथा जीएसटी विवरणी दाखिल करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव रखा गया। इससे छोटे व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर सहायता उपलब्ध कराने और कर अनुपालन में सुधार लाने की उम्मीद है।*



## खबर संक्षेप

### भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का पुतला फूंका



**पखांजूर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्व पिता को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में पखांजूर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। भाजपा मंडल पखांजूर एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में पुराना बाजार में नारेबाजी कर खड़गे का पुतला दहन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुसार 25 अक्टूबर को पटना में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान की गई कथित टिप्पणी से पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। प्रदर्शनकारियों ने सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा के उपयोग की मांग करते हुए कांग्रेस नेतृत्व से माफी मांगने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर युवा मोर्चा अध्यक्ष मिथुन गईन, प्रवीर साहा, निवास मिस्त्री, अमित बोस, बिक्रम बाला, सुब्रत सरकार, नीतीश मंडल, प्रकाश साहा, सरवन दासगुप्ता, कनाई व्यापारी, आदित्य सरकार, सत्यजीत चक्रवर्ती, अमृत चड्ढा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में गया बुजुर्ग लापता

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत कोलकोता गया बुरगुम का बुजुर्ग बीते 8 अक्टूबर की शाम लगभग 5 बजे कोलकाता के कालीघाट मंदिर के अंदर से लापता हो गया। घटना के 18 दिन बाद भी लापता दशरू का अब तक कोई सुराग नहीं मिलने से परिजन परेशान हैं। लगातार पता तलाश के बाद भी सुराग नहीं लगने से परेशान परिजन सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर से लापता बुजुर्ग की तलाश में मदद करने गुहार लगाई है। कलेक्टर को दिए पत्र में परिनजों ने बताया कि शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बास्तानार तहसील के बुरगुम पटेलपारा निवासी दशरू 75 वर्ष अन्य तीर्थयात्रियों के साथ दर्शन के लिए गया हुआ था। इसी दौरान 8 अक्टूबर की शाम कोलकोता के कालीघाट मंदिर के अंदर से वह गुम हो गया।



### रेलवे स्टेशन से गायब हुई बाइक, जांच शुरू

**बस्तर।** जगदलपुर के बोधघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन परिसर से दोपहिया वाहन चोरी हो गई। सीएनडब्लू कर्मचारी सुखराम सेठिया ने थाना प्रभारी बोधघाट को आवेदन देकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थी के अनुसार उसकी मोटरसाइकिल हीरो होंडा पेशन प्रो वाहन क्रमांक सीजी 17 केएल 8317 है। शिकायत में बताया गया कि 21 अक्टूबर को रात्रि 10 बजे उन्होंने अपनी बाइक जगदलपुर रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ी की थी और रात्रि ड्यूटी के लिए रेलवे स्टेशन ऑफिस चले गए थे। सुबह ड्यूटी समाप्त कर लौटने पर वाहन अपने स्थान पर नहीं मिला। आसपास काफी खोजबीन करने के बाद भी वाहन का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने इस घटना की सूचना रेलवे पुलिस को भी दी है। साथ ही बोधघाट पुलिस से प्राथमिकी एफआईआर दर्ज कर वाहन की शीघ्र बरामदगी की मांग की है।

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय भानुप्रतापपुर जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.**

**शपथपत्र (नाबालिक पुत्र / पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)**

मैं सुमित्रा गावड़े (माता / पिता / पालक का नाम सुपुत्र / पत्नी आनंद राम गावड़े निवासी भैसाकन्हार (क) एतदद्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करती हूँ ।

1. यह कि मैं भैसाकन्हार (क) का स्थायी निवासी हूँ ।
2. यह कि मैं अपने नाबालिक पुत्र / पुत्री मोहनलाल (MOHANLAL) से बदलकर मोहन कुमार गावड़े (MOHAN KUMAR GAWDE) करवाना चाहती हूँ ।
3. मैं अपने पुत्र / पुत्री का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूँ तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूँगी ।
4. यह कि मेरे पति आनंद राम गावड़े (पत्नी / पति का नाम) को हमारे / हमारी नाबालिक पुत्र / पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नही है ।
5. मैं शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ ।

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्य एवं निष्ठापूर्वक यह घोषित एवं सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त कंडिका 01 से 05 तक में लिखी समस्त तथ्य मेरी निजि जानकारी एवं ज्ञान से सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 26/10/2026 को स्थान भानुप्रतापपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूँ ।

स्थान- भानुप्रतापपुर
दिनांक- 28/10/2026

सुमित्रा
शपथकर्ती

## सुबह की मुनादी फिर भी 10 बजे तक नहीं खुली राशन की दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर



शासकीय उचित मूल्य की दुकान हरनगढ़ में सेल्समैन की कथित मनमानी से ग्रामीण परेशान हैं। सुबह 8 बजे राशन वितरण की मुनादी कराने के बावजूद 10 बजे तक दुकान नहीं खुली, जिससे दूर-दराज से पहुंचे हितग्राहियों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

ग्रामीणों के अनुसार, सेल्समैन ससधर पखांजुर के ग्राम मटोली में रहता है और दो राशन दुकानों का संचालन करता है। इसके चलते दुकान समय पर नहीं खुलने की शिकायत सामने आई है। पीवी 112 के ग्रामीण विजय मजुमदार दिलीप विश्वास और दीपाली विश्वास ने बताया कि वे सुबह 7:30 बजे ही पांच किलोमीटर दूर से राशन लेने पहुंचे थे, लेकिन सुबह 10 बजे तक दुकान नहीं खुली थी। वहीं, मानिक आचार्य ने बताया कि घर में मरनी का काम होने के बावजूद राशन दुकान खुलने की मुनादी सुनकर वे काम छोड़कर पांच किलोमीटर दूर से आए, लेकिन सेल्समैन नहीं पहुंचा। मामले में फूड इंस्पेक्टर मुकेश साहू ने कहा कि जब सुबह 8 बजे दुकान खोलने की मुनादी कराई गई थी, तो सेल्समैन को समय पर दुकान खोलनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। राशन के लिए घंटों इंतजार करने से ग्रामीणों में नाराजगी है। अब ग्रामीणों को जांच और कार्रवाई का इंतजार है।

## कलेक्टर जनदर्शन में मिले 40 आवेदनों पर निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। नव पदस्थ अपर कलेक्टर भागवत प्रसाद जायसवाल ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया।

जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम कुड़ालठेमली निवासी दाऊलाल सोनवानी ने नवीन हैण्डपंप स्थापित तथा भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बांसला के सरपंच ने ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य स्वीकृत तथा अन्य ग्रामीणों द्वारा ग्राम बांसला में ही नवीन धान केंद्र खोलने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार विभिन्न ग्राम पंचायतों से पहुंचे ग्रामीणों ने अंत्योदय राशन कार्ड, अतिक्रमण हटाने, किसान सम्मान निधि के राशि दिलाने, आर्थिक सहायता प्रदान करने, अतिक्रमण भूमि का कब्जा हटाने, प्रधानमंत्री आवास पात्रता सूची में नाम जोड़ने, श्रम सम्मान राशि प्रदान करने, पेंशन राशि दिलाने, मुख्यमंत्री सहायता योजना के तहत राशि दिलाने, नौकरी दिलाने, नक्शा-खसरा और फौती नामांतरण सहित विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर श्री जायसवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में एसडीएम सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज एवं टीकाराम देवांगन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हादसा : घटना की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

# सुभाषचंद बोस कन्या छात्रावास में 12वीं छात्रा की लाश फंदे पर मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



नेताजी सुभाषचंद्र बोस कन्या आवासीय विद्यालय में कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की छात्रा प्रीति पुड़ो पिता लालजी पुड़ो की छात्रावास भवन में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्रा का शव छात्रावास के कमरे में सीलिंग पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही दुर्गूकोंदल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। घटना से विद्यालय परिसर में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा दशहरा अवकाश के दौरान अपने घर गई थी। तबीयत खराब होने के कारण वह घर पर ही थी। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद 26 अक्टूबर को उसके मामा उसे वापस विद्यालय छोड़ने आए थे।

इसके बाद छात्रावास में छात्रा की मौत की घटना सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस को तत्काल अवगत कराया गया। घटनास्थल पर भानुप्रतापपुर के एसडीएम और तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी पहुंचे। अधिकारियों ने विद्यालय परिसर में छात्राओं से बातचीत कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। पुलिस भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जांच प्रक्रिया में जुटी हुई है। छात्रा की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है। घटना की खबर सुनकर विद्यालय पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। छात्रा की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

### अधीक्षिका ने हादसे की दी जानकारी

छात्रावास अधीक्षिका शैलेन्द्री मरकाम के अनुसार 23 अक्टूबर को तबीयत खराब होने पर छात्रा को उसके परिजन घर ले गए थे। 26 अक्टूबर को उसके मामा उसे वापस विद्यालय छोड़कर गए थे। विद्यालय आने के समय छात्रा की तबीयत ठीक थी। अधीक्षिका ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे छात्रावास के कमरे में छात्रा का शव फंदे पर लटका मिला। इसके बाद तत्काल दुर्गूकोंदल थाना पुलिस को सूचना दी गई।

### पिता ने बताई छुट्टी में घर आने की बात

मृत छात्रा के पिता लालजी पुड़ो ने बताया कि उनकी बेटी दशहरा की छुट्टी में घर आई थी। उस समय उसकी तबीयत खराब थी। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उसके मामा उसे दुर्गूकोंदल स्थित विद्यालय छोड़ने आए थे। शाम को उन्हें बेटी की मौत की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों चतुर्थ काउंसिलिंग की चयन सूची जारी

**कांकेर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चतुर्थ काउंसलिंग के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी गई है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट क्रम में तैयार चयन सूची आदिवासी विकास विभाग की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त जया मनु ने बताया कि चयनित छात्र-छात्राओं को 30 अक्टूबर तक अपने चयनित प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित विद्यालय में उपस्थित होना होगा। प्रवेश के समय विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होने की अंकसूची, पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा लागू होने की स्थिति में विशेष पिछड़ी जनजाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## विधायक विक्रम की अनुशंसा पर तीन पंचायतों में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की लोककला एवं सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधायक विक्रम उसेंडी की अनुशंसा पर विभिन्न ग्राम पंचायतों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के आयोजन से ग्रामीण अंचलों में स्थानीय कला, लोक संस्कृति और पारंपरिक विधाओं को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक विक्रम उसेंडी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ शासन के सांस्कृतिक मंत्री राजेश अग्रवाल को पत्र लिखकर स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया था। इस संबंध में भेजे गए पत्र में अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 79 जिला कांकेर के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में लोककला मंचन कराने के लिए कार्यक्रम स्थलों एवं तिथियों का उल्लेख किया गया है। पत्र के अनुसार ग्राम पंचायत टेमनार में 26 अक्टूबर को, ग्राम पंचायत सरण्डी में 27 अक्टूबर और ग्राम पंचायत बड़गांव में 28 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इन कार्यक्रमों में लोककला मंचन के लिए लोक नर्तकी छत्तीसगढ़ लोककला समिति, भिलाई, जिला दुर्ग के कलाकारों का कार्यक्रम होगा।

विधायक विक्रम उसेंडी की इस पहल को ग्रामीण क्षेत्रों में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। साथ ही, स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक वातावरण मजबूत होगा और नई पीढ़ी को अपनी पारंपरिक कला एवं विरासत के प्रति जागरूक करने में मदद मिलेगी। विधायक की अनुशंसा से प्रस्तावित यह कार्यक्रम अंतागढ़ क्षेत्र में लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं।

## सुरक्षित बचपन अभियान, छह स्कूलों में विधिक जागरूकता शिविर लगा



**कोण्डागांव।** बच्चों को उनके कानूनी अधिकार, सुरक्षा और बाल अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सुरक्षित बचपन अभियान के तहत कोण्डागांव जिले के छह विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में न्यायिक अधिकारियों ने बच्चों को बाल अधिकारों, बाल विवाह एवं शोषण की रोकथाम, साइबर सुरक्षा तथा असुरक्षित परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में अलग–अलग विषयों पर बच्चों को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से जागरूक किया गया। अभियान के तहत बच्चों को मेरा बचपन, मेरा अधिकार, कानून जानो, बचपन बचाओ, सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित बचपन, बोलो, बताओ, बचाओ, ना बाल विवाह, ना बाल शोषण और जागरूक बचपन, सशक्त भारत जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। चावरा हायर सेकंडरी स्कूल, सेंट जेवियर हाई स्कूल, पीएम श्री हायर सेकंडरी स्कूल, आदेश्वर पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और डीएवी स्कूल, देवखरगांव में अलग-अलग अधिकारियों द्वारा जागरूक बचपन, सशक्त भारत विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया।

## युवा उत्सव 29 को, प्रतिभागियों के लिए राज्य स्तर पर जाने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार कांकेर जिले में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 29 अक्टूबर गुरुवार को किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से नया बस स्टैंड स्थित डोम कांकेर में आयोजित होगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव में चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

युवा उत्सव के सफल आयोजन एवं संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं व्यायाम अनुदेशकों को जिम्मेदारियां सौंपा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद को व्यवस्था समिति का संयोजक तथा नवनीत पटेल और केजू राम सिन्हा को सह-संयोजक बनाया गया है। वहीं, उद्घोषक समिति में गुलराज शर्मा, केएन गजबल्ला और लोकेश साहू को दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के स्वागत, स्वास्थ्य एवं प्राथमिक उपचार, पेयजल, स्वच्छता, भोजन तथा ड्रेसिंग रूम की व्यवस्था के लिए भी अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं। इन समितियों में जिला खेल अधिकारी टीआर देवांगन, सहायक संचालक शिक्षा एसपी कोसरे एवं प्रकाश सेन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किशोर कुमार धुरव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत कुमार नेताम सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला स्तरीय युवा उत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज तथा पारंपरिक एवं विविध वेशभूषा जैसी विधाओं से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष संचालन के लिए निर्णायकों की नियुक्ति भी की गई है। इसके साथ ही परिणाम संग्रहण एवं पंजीयन प्रपत्रों की जांच के लिए समिति गठित की गई है। युवा उत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा।

पेज 09 के शेष...

### अभद्र टिप्पणी पर ...

पद पर आसीन व्यक्ति के प्रति अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र में प्रत्येक राजनीतिक दल को अपनी विचारधारा रखने, सरकार की नीतियों की आलोचना करने और जनता के मुद्दों को उठाने का अधिकार है, लेकिन राजनीतिक विरोध के दौरान भाषा की मर्यादा और संवैधानिक पदों की गरिमा का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं। अलग-अलग दलों की विचारधाराएं और नीतियां भिन्न हो सकती हैं, लेकिन इन मतभेदों के बावजूद सार्वजनिक जीवन में शिष्टाचार, आपसी सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक बयानबाजी ऐसी होनी चाहिए, जिससे जनता के बीच सकारात्मक संवाद को बढ़ावा मिले। संवैधानिक पदों से जुड़े व्यक्तियों के प्रति टिप्पणी करते समय शब्दों के चयन में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

### जीएसटी पर कांकेर ..

क्रेडिट के नियमानुसार उपयोग की जांच पर जोर दिया गया, ताकि विवरणियों की शुद्धता और कर भुगतान की स्थिति का आंकलन किया जा सके। बैठक में व्यापारिक संगठनों, सनदी लेखाकारों और अधिवक्ताओं से विभाग के साथ समन्वय बनाकर व्यापारियों को सही कर गणना, समय पर विवरणी दाखिल करने और नियमानुसार कर भुगतान के लिए मार्गदर्शन देने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जागरूकता, नियमित समीक्षा और आपसी सहयोग से ही कांकेर क्षेत्र में जीएसटी अनुपालन की स्थिति बेहतर बनाई जा सकती है। इस अवसर पर राकेश आहूजा, निर्मल माहेश्वरी, सचिन गिडलानी, उदय बंटी शर्मा, सीए राजकुमार वाधवानी एवं अन्य उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगा...

की जानकारी सामने आने के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। फिलहाल युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों की जानकारी सामने नहीं आई है। मामले में पुलिस की जांच के बाद ही घटना से संबंधित अन्य तथ्यों का पता चल सकेगा।

### स्कूटी से 40 पौवा ...

के दौरान उसमें देशी शराब के 40 पौवा मिले। शराब की कीमत लगभग 4 हजार रुपये है, 300 रुपये नगद और स्कूटी को जब्त कर लिया। हल्बा चौकी पुलिस ने मुड़धोवा निवासी 47 वर्षीय संग्राम सिंह नेताम पिता स्व. सुखुराम के कब्जे से 9 लीटर देशी महुआ शराब और नगद 200 रूपएं को जप्त किया। दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## वाल्मीकि जयंती मनाई व महर्षि की किया यशोगान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भानुप्रतापपुर में महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान महर्षि वाल्मीकि के जयकारों से महाविद्यालय परिसर गूंज उठा।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य केके प्रधान ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय साहित्य और संस्कृति के महान स्तंभ हैं। उनकी अमर रचना रामायण समाज को आदर्श जीवन, नैतिकता, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय मूल्यों की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन ज्ञान, साधना और सकारात्मक विचारों के महत्व को दर्शाता है। उनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा देने में प्रासंगिक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के प्रति समर्पित रहने तथा अपने जीवन में सद्भाव, समानता और मानवीय मूल्यों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापकों ने महर्षि वाल्मीकि के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ ही जीवन में अच्छे विचारों को अपनाने की प्रेरणा देते हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी के संयोजक रितेश कुमार नाग, नंदनी ध्रुव, सुषमा चालकी, क्रीड़ा अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास, मुकेश डहरवाल, श्रीदाम ढाली, योगेश यादव, डॉ. राजबहादुर पुष्कर, धनेश्वर बांधे सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।
















## खबर संक्षेप

### राज्योत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में आगामी 2 नवंबर को आयोजित होने वाले एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर भरतराम ध्रुव एवं डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की समीक्षा की। राज्योत्सव वर्ष 2026 की थीम 'सशक्त नारी, युवा उड़ान' निर्धारित की गई है। इस अवसर पर महिला सशक्तीकरण, युवाओं की प्रतिभा और जिले की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों, नवाचारों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे, ताकि आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी मिल सके। बैठक में कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

### चक्रवाती तूफान के चलते स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र रहेंगे बंद

**दंतेवाड़ा।** बंगाल की खाड़ी में संभावित चक्रवाती तूफान के प्रभाव से जिले में खराब मौसम, तेज हवाओं और भारी बारिश की आशंका को देखते हुए कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिला प्रशासन दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा द्वारा एहतियाती कदम उठाए गए हैं। बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 27 अक्टूबर को जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों तथा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, प्रतिकूल मौसम के दौरान बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र 27 अक्टूबर को बंद रहेंगे। संबंधित परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध खाद्य सामग्री, शासकीय अभिलेखों तथा अन्य सामग्रियों को सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## आरईएस में अधिकारियों-कर्मचारियों का टोटा

# ऐसे में कैसे बनेगा नियाद नेल्लानार

**सुकमा जिले में 300 करोड़ के 400 कार्य / 10 स्वीकृत उप अभियंता पदों में से 5 खाली**

लीलाधर राठी ▶▶ सुकमा

बस्तर में नक्सलवाद का प्रभाव कम होने के बाद विकास कार्यों को गति देने की उम्मीदें बढ़ी हैं। सड़क, पुल-पुलिया, नाली और ग्रामीण अधोसंरचना के निर्माण के लिए शासन स्तर पर योजनाएं स्वीकृत हो रही हैं, लेकिन इन कार्यों को जमीन पर उतारने वाले विभागों में अधिकारियों और तकनीकी कर्मचारियों की कमी बड़ी

- नक्सलमुक्ति के बाद विकास को रफ्तार देने की चुनौती
- प्रभारी के भरोसे तकनीकी कामकाज

चुनौती बनती जा रही है। सुकमा जिले में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का दायरा करोड़ों रुपये तक पहुंच गया है, लेकिन विभागीय अमले की स्थिति सवाल खड़े कर रही है। ऐसे में सवाल है कि आखिर विकास कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी कौन करेगा और समय पर निर्माण कैसे पूरा होगा?

### 300 करोड़ के काम, 160 ग्राम पंचायत, 6000 वर्ग किमी

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकमा जिले मे कुल 160 ग्राम पंचायत है और किष्टाराम से लेकर तोंगपाल तक 6000 वर्ग किमी में फैला हुआ है। सुकमा जिला में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के करीब 60 कार्य लगभग 61 करोड़ रुपये की लागत से संचालित हैं। वहीं सुकमा, कोंटा और छिंदगढ़ तीनों जनपदों में लगभग 350 से ज्यादा कार्यों की लागत करीब 200 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इतनी बड़ी राशि के निर्माण कार्यों में प्राक्कलन तैयार करने, तकनीकी स्वीकृति, निविदा प्रक्रिया, निर्माण की निगरानी, गुणवत्ता परीक्षण और अंतिम मूल्यांकन जैसी जिम्मेदारियां निभाने के लिए पर्याप्त तकनीकी अमले की जरूरत होती है। लेकिन विभाग में रिक्त पदों और प्रभार व्यवस्था के चलते इन जिम्मेदारियों के निर्वहन पर सवाल उठ रहे हैं।




### दूसरे विभाग के प्रभारी ईई को संभालना पड़ रहा दायित्व

विभागीय व्यवस्था को लेकर एक और महत्वपूर्ण सवाल उठ रहा है। जानकारी के मुताबिक सुकमा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के एसडीओ रविंद्र ताती को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत भी उनके पास 100 से अधिक कार्य हैं, जिनकी लागत 100 करोड़ रुपये से ज्यादा है। ऐसे में दो महत्वपूर्ण विभागीय जिम्मेदारियों का दबाव कार्यों के निरीक्षण और समयबद्ध निगरानी को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, इस संबंध में विभागीय अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है।

### तकनीकी स्वीकृति से लेकर निविदा तक लंबी प्रक्रिया

विभागीय सूत्रों के अनुसार, तकनीकी स्वीकृति, एनआईटी यानी निविदा आमंत्रण, दर स्वीकृति और अन्य प्रक्रियाओं के लिए अधिकारियों को जगदलपुर और रायपुर तक जाना पड़ता है। पर्याप्त अधिकारियों की अनुपलब्धता में छोटे-छोटे प्रशासनिक और तकनीकी कार्यों में भी देरी की आशंका बनी रहती है। इसका असर निर्माण की शुरुआत, भुगतान प्रक्रिया और निर्धारित समयसीमा पर पड़ सकता है।

### 10 में से 5 उप अभियंता पद खाली

14 अक्टूबर 2026 की स्थिति दर्शाने वाले विभागीय पदस्थापना विवरण में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा के अंतर्गत उप अभियंताओं के कुल 10 स्वीकृत पदों में से 5 पद रिक्त दर्ज हैं। यानी आधे पद खाली हैं। दस्तावेज के अनुसार, सुकमा जनपद में 3 स्वीकृत पदों में 1 पदस्थ और 2 रिक्त हैं। कोंटा जनपद में 4 स्वीकृत पदों में केवल 1 पदस्थ है, जबकि 3 पद खाली हैं। छिंदगढ़ में 3 स्वीकृत पदों के विरुद्ध तीनों पद भरे हुए दर्शाए गए हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि सुकमा और विशेषकर कोंटा क्षेत्र में तकनीकी कर्मचारियों की कमी गंभीर है। जिन उप अभियंताओं को निर्माण स्थलों का निरीक्षण, माप पुस्तिका तैयार करने, गुणवत्ता की जांच और कार्यों की प्रगति पर नजर रखने जैसी जिम्मेदारियां निभानी होती हैं, उनकी संख्या आधी रह जाने से कार्यभार बढ़ने की आशंका है।

### नियाद नेल्लानार जैसे कार्यों की कैसे होगी निगरानी

नक्सलमुक्त के बाद सरकार की महत्वाकांक्षी नियाद नेल्लानार जैसी योजनाओं का उद्देश्य दूरस्थ और अंदरूनी क्षेत्रों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है। ऐसे क्षेत्रों में निर्माण कार्यों की निगरानी सामान्य इलाकों की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण होती है। यदि तकनीकी पद रिक्त रहें और वरिष्ठ अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार में काम करना पड़े, तो नियमित निरीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करना कठिन हो सकता है। अब सवाल यह है कि करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के लिए जिम्मेदार विभाग में रिक्त पद कब भरे जाएंगे? क्या शासन पर्याप्त तकनीकी अमला उपलब्ध कराएगा, ताकि स्वीकृत राशि का उपयोग पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ हो सके? नक्सलवाद से प्रभावित रहे सुकमा जिले में विकास की गति बनाए रखने के लिए केवल बजट और स्वीकृति पर्याप्त नहीं, बल्कि सक्षम अधिकारियों, तकनीकी कर्मचारियों और प्रभावी निगरानी व्यवस्था की भी उतनी ही जरूरत है।

### शासन से पत्राचार करेंगे : एसई

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधीक्षण अभियंता जे.के.गौर ने अधिकारियों की कमी को स्वीकारते हुए कहा कि तत्संबध में शासन स्तर पर पत्राचार किया जावेगा और जिस जिस पदों में की है उसकी पूर्ति कह जावेगी।

### विष्णुदेव साय सरकार का निर्णय जनसेवा करने वाला : नेताम



**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ में नगर सैनिकों के मानदेय में प्रस्तावित वृद्धि तथा बस्तर संभाग के पारंपरिक नेतृत्वकर्ताओं मांझी-चालकी के मानदेय में बढ़ोतरी पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं मीडिया पैनलिस्ट रामू नेताम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा और संबंधित विभागों के प्रति आभार व्यक्त किया है। रामू नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार जनसेवा करने वाले कर्मचारियों के हितों के साथ-साथ जनजातीय समाज की परंपराओं, संस्कृति और पारंपरिक नेतृत्व व्यवस्था के सम्मान के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। नगर सैनिकों के मानदेय में प्रस्तावित वृद्धि और मांझी-चालकी के मानदेय में की गई बढ़ोतरी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लगभग 7900 नगर सैनिक कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अग्निशमन सेवाओं, आपदा प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। विषम परिस्थितियों में उनकी सेवाएं आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। ऐसे में उनके मानदेय को बढ़ाकर 30,870 रुपये प्रतिमाह करने का प्रस्ताव उनके आर्थिक हितों की दिशा में सकारात्मक पहल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रस्ताव पर शासन स्तर से शीघ्र अंतिम निर्णय लेकर इसे लागू किया जाएगा। रामू नेताम ने बस्तर संभाग के मांझी और चालकी के मानदेय में हुई वृद्धि का स्वागत करते हुए कहा कि मांझी-चालकी जनजातीय समाज की पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। सामाजिक समन्वय बनाए रखने, स्थानीय परंपराओं को आगे बढ़ाने और ऐतिहासिक बस्तर दशहरा जैसे विशिष्ट सांस्कृतिक पर्वों के संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि मांझी का मानदेय 2000 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये और चालकी का मानदेय 1500 रुपये से बढ़ाकर 3500 रुपये प्रतिमाह किया जाना पारंपरिक नेतृत्वकर्ताओं के सम्मान की दिशा में सराहनीय निर्णय है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के बस्तर प्रवास के दौरान इस वृद्धि की घोषणा होना भी जनजातीय समाज की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक संस्थाओं के महत्व को रेखांकित करता है।

# कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी संस्कारहीन राजनीति का प्रमाण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में बस स्टैंड दंतेवाड़ा मे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने पटना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के

- भाजयुमो ने पुतला दहन कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कड़ी निंदा की

स्व. पिता को लेकर की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि राजनीतिक हताशा में कांग्रेस अब भाषा की मर्यादा और भारतीय संस्कारों की सीमाएं भी लांघने लगी है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने कहा की प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते उनके दिवंगत पिता को निशाना बनाना कांग्रेस की गिरती राजनीतिक सोच और वैचारिक दिवालियेपन को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति राजनीतिक द्वेष में कांग्रेस जिस स्तर तक उतर रही है, उसे पूरा देश देख रहा है।



जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामी ने कहा कि जनता कांग्रेस की इस संस्कारहीन और ओछी राजनीति को भली-भांति पहचान चुकी है। जब-जब कांग्रेस ने ऐसी घृणित भाषा अपनाई है, जनता ने उसे करारा जवाब दिया है। इस बार भी जनता ऐसी राजनीति को न भूलेगी, न स्वीकार करेगी और समय आने पर अपने लोकतांत्रिक अधिकार से इसका जवाब देगी। जनपद सदस्य रामु नेताम ने कहा कि राजनीतिक विरोध की आड़ में इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी कांग्रेस की गिरी हुई सोच और संस्कारहीन राजनीति का खुला प्रमाण है। कांग्रेस अध्यक्ष को अपनी टिप्पणी के लिए देश से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री सत्यजीत चौहान, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सत्यनारायण महापात्र, पिंटू उइके, भाजपा मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता,जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर,नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश गुप्त मिश्रा,जनपद उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, राजन महेश्वरी, सरिता उइके, रुपन मंडल, निखिल नाग, लक्ष्मी यादव, दंतेश्वरी सोरी, कुंती झरना, डे नारायण, जीडी बैरागी, पवन कर्मा, चंद्रकांत स्वाई, सूरज सिंह, नरेश चौहान, विशेष सिंह, हितेश सिन्हा, गौरव भवानी, वेणु शंकर नेताम, शिव प्रताप, बृजेश राणा, भारती आठभईया, सुनील नाग, बालकृष्णा, नीलेश कुड़ियाम, साहित्य मंडावी, राहुल सोनवानी, प्रमोद ठाकुर, राजा साहू, आर्यन शर्मा, दीपेश पटेल, दिव्यांश ताती, गौरव ठाकुर, ऋषित राव, रवि पोयाम, अम्बुज परोहा, मोनू दास मानिकपुरी, ललित समेत भारी संख्या मे भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में गूंजेगी बीजापुर के युवाओं की आवाज

**विधानसभा से संसद तक मिलेगा प्रतिभा दिखाने का अवसर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा, तार्किक क्षमता, नेतृत्व कौशल एवं विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। मेरा युवा भारत केंद्र, बीजापुर के तत्वावधान में

- एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर युवा रखेंगे पक्ष-विपक्ष में विचार

विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2027 के अंतर्गत 31 अक्टूबर 2026 को पोटा केबिन ऑडिटोरियम, बीजापुर में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं एवं समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने के साथ ही राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

प्रतियोगिता के अंतर्गत जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें छत्तीसगढ़ विधानसभा में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। इसके पश्चात राज्य स्तर पर चयनित छत्तीसगढ़ के तीन प्रतिभागियों को देश के संसद भवन में अपने विचार रखने का अवसर प्राप्त होगा। इस प्रकार विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट जिले के युवाओं को जिला स्तर से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का मुख्य विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' निर्धारित किया गया है। प्रतिभागी इस विषय के पक्ष अथवा विपक्ष में अपने तार्किक एवं तथ्यपरक विचार प्रस्तुत कर सकेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को भाषण देने के लिए 3 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। प्रतिभागी हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में अपने विचार प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों की आयु 17 अगस्त 2026 की स्थिति में 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रतियोगिता के दौरान दो या अधिक प्रतिभागियों के अंक समान होने की स्थिति में टाई-ब्रेकर के तहत विषय से संबंधित 10 अंकों का तात्कालिक प्रश्न पूछा जाएगा, जिसके आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा।

# कस्तूरी में 35 लाख की पुलिया निर्माण स्वीकृति पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

छिंदगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत गंजेनार के आश्रित ग्राम कस्तूरी के बिजगुड़ी मार्ग पर 10 मीटर लंबी पुलिया निर्माण के लिए 35 लाख की स्वीकृति को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव दुर्गेश राय ने इस स्वीकृति पर सवाल उठाते हुए सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई है। उन्होंने जिला प्रशासन से निर्माण कार्य की स्वीकृति, प्रस्तावित स्थल की वास्तविक स्थिति और विभागीय प्रक्रिया की जांच कराने की मांग की है।



- जहां गांव, घर और सड़क ही नहीं, वहां पुलिया निर्माण की जरूरत क्या : दुर्गेश

दुर्गेश राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में विकास कार्यों की स्वीकृति का यह कैसा मॉडल है, जहां कथित तौर पर न गांव है, न घर और न ही सड़क, फिर भी पुलिया निर्माण के लिए लाखों रुपये मंजूर कर दिए गए। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ने उक्त स्थल पर पुलिया निर्माण के लिए भूमि पूजन भी किया था। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इस स्थान का चयन किस आधार पर किया गया और क्या निर्माण की स्वीकृति देने से पहले संबंधित अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया था।

### स्थल निरीक्षण और एस्टीमेट पर सवाल

कांग्रेस नेता ने संबंधित विभाग के सब-इंजीनियर की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि किसी भी निर्माण कार्य का एस्टीमेट तैयार करने से पहले स्थल का भौतिक सत्यापन करना और उसकी वास्तविक उपयोगिता का आकलन करना जरूरी है। यदि प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किए बिना ही निर्माण का आकलन तैयार किया गया है, तो यह गंभीर लापरवाही का मामला हो सकता है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।

राय ने कहा कि सरकारी धन जनता की मेहनत की कमाई है और उसका उपयोग उन्हीं कार्यों में होना चाहिए, जिनसे आम लोगों को वास्तविक लाभ मिले। विकास कार्यों की स्वीकृति केवल कागजी प्रक्रिया या औपचारिक भूमि पूजन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि निर्माण की जरूरत है और उससे क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी।

### जांच कराने की मांग

दुर्गेश राय ने जिला प्रशासन से मांग की है कि कस्तूरी के बिजगुड़ी मार्ग पर प्रस्तावित पुलिया निर्माण की स्वीकृति, स्थल निरीक्षण और एस्टीमेट तैयार करने की प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में अनियमितता या विभागीय लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, उन्होंने पुलिया निर्माण की स्वीकृति निरस्त कर 35 लाख की राशि को ऐसे विकास कार्य में लगाने की मांग की, जहां उसकी वास्तविक आवश्यकता हो और जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

# महिला समूह ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा

बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा के कारण फसल बर्बाद होने से आर्थिक संकट का सामना कर रही ग्राम पंचायत बेलगांव की महिला समूह की सदस्यों ने बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को ज्ञापन सौंपकर समूह की मासिक किस्त जमा करने के लिए अतिरिक्त समय देने की मांग की। महिला समूह की सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष क्षेत्र में आई बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा के कारण उनकी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। फसल खराब होने से महिलाओं की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई है। आय का पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण वे समूह की निर्धारित राशि एवं मासिक किस्त समय पर जमा करने में असमर्थ हैं। महिला समूह ने विधायक से फसल नुकसान एवं वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मासिक किस्त जमा करने के लिए अतिरिक्त समय दिलाने की मांग की। महिलाओं का कहना है कि प्राकृतिक आपदा के कारण उत्पन्न कठिन परिस्थितियों में राहत मिलने से उन्हें आर्थिक संकट से उबरने तथा दोबारा अपने पैरों पर खड़े होने में मदद मिलेगी।

# जवानों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ की 170वीं वाहिनी में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। वाहिनी मुख्यालय में प्रातः 11 बजे कमांडेंट सरकार राजा रमन के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं जवानों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" रखी गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य भ्रष्टाचार के उन्मूलन, पारदर्शिता को बढ़ावा देने तथा प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को मजबूत करना है।

केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में वाहिनी मुख्यालय एवं अधीनस्थ कंपनियों के अधिकारियों और जवानों को "नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा" दिलाई गई। इस दौरान जवानों ने देश से भ्रष्टाचार को समाप्त करने तथा अपने कार्यों में ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने का संकल्प लिया।



शपथ के दौरान जवानों ने कहा कि वे देश की आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार को एक बड़ी बाधा मानते हुए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी एवं कानून के नियमों का पालन करेंगे। उन्होंने न रिश्वत लेने और न देने, अपने सभी कार्यों को पारदर्शी तरीके से संपन्न करने तथा व्यक्तिगत आचरण में सत्यनिष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत कर समाज को प्रेरित करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों एवं जवानों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं सभी जवान उपस्थित रहे।

# दिलीप दुर्गम उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी धमतरी द्वारा गीदम ब्लॉक के कारली में कार्यरत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी दिलीप दुर्गम को राज्य अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें पशु चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका के लिए डॉ. बाबा साहब अंबेडकर एक्सीलेंसी राज्य अलंकरण पुरस्कार प्रदान किया गया है।

दिलीप दुर्गम लंबे समय से कारली क्षेत्र में पशुपालकों को बेहतर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। पशुओं के टीकाकरण, उपचार और पशुपालकों को जागरूक करने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। साथ ही लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को पशुपालन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सामाजिक कार्यों के साथ-साथ वे




सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी संघ, जिला दंतेवाड़ा के जिला अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन विगत 8 वर्षों से निरंतर कर रहे हैं। संगठन को मजबूत करने और कर्मचारियों की समस्याओं को शासन तक पहुंचाने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है।

# चक्रवात व अतिवृष्टि से निपटने जिला प्रशासन का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा संभावित चक्रवात, अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशन में जिला अधिकारियों की बैठक आयोजित कर जन-धन की सुरक्षा, राहत एवं बचाव कार्यों के प्रभावी संचालन तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को विभागवार जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वर्षामापक केंद्रों में स्थापित यंत्रों के उचित संधारण, वर्षा संबंधी जानकारी संकलन एवं नवगठित तहसीलों में वर्षामापक यंत्र स्थापित करने की जिम्मेदारी प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख बीजापुर एवं समस्त तहसीलदारों को दी गई है। वहीं जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखने, ग्राम पंचायतों एवं नागरिकों तक कंट्रोल रूम की जानकारी पहुंचाने प्रभारी अधिकारी राहत शाखा, समस्त तहसीलदार एवं सहायक संचालक जनसंपर्क बीजापुर को सौंपी गई है। नदियों एवं जलाशयों के जलस्तर की सतत निगरानी, जल निकासी तथा निचले क्षेत्रों को पूर्व सूचना देने की जिम्मेदारी दी गई है। बाढ़ की स्थिति में पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसीन, जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता तथा गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित स्वास्थ्य संस्थाओं तक पहुंचाने की जिम्मेदारी जिला खाद्य अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर को दी गई है। पेयजल की शुद्धता, कुओं एवं हैंडपंपों में ब्लीचिंग पाउडर की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान, सतत निगरानी, प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, राहत शिविरों की व्यवस्था तथा मोटर बोट एवं प्रशिक्षित बचाव दल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी समस्त तहसीलदार, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं जिला सेनानी नगर सेना बीजापुर को सौंपी गई है। राहत शिविरों में भोजन, पेयजल, स्वच्छता, पर्याप्त आश्रय एवं नियमित स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय निकायों के अधिकारियों को सुनिश्चित करने निर्देश किया गया है।

- राहत शिविर, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं बचाव कार्यों की तैयारी सुनिश्चित करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

# दुधावा-घोटियावाही मार्ग पर हादसे बढ़े, मरम्मत के नाम पर केवल मिट्टी डाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुधावा

दुधावा से घोटियावाही जाने वाले सड़क मार्ग पर गड्ढों की मरम्मत के नाम पर केवल गिट्टी डालकर खानापूर्ति किए जाने का मामला सामने आया है। सड़क के गड्ढों में गिट्टी डालने के बाद उसमें मुरूम और मिट्टी नहीं डाली गई है। इसके कारण सड़क पर बिखरी गिट्टी राहगीरों और मोटरसाइकिल चालकों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। आए दिन इस मार्ग से गुजरने वाले लोग गिट्टी में फिसलकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं। वहीं, मोटरसाइकिलों के गिरने से वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार दुधावा से घोटियावाही जाने वाले इस मार्ग पर दिन के समय तो राहगीर किसी तरह संभलकर आवागमन कर लेते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में सड़क पर बिखरी गिट्टी दिखाई नहीं देने के कारण दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। मोटरसाइकिल सवार गिट्टी में फिसलकर संतुलन खो बैठते हैं, जिससे उन्हें गिरकर चोटिल होना पड़ रहा है। सड़क की इस स्थिति के कारण वाहन चालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर मोटरसाइकिल सवार देवचंद नेताम और संतू नेताम गिट्टी में फिसलकर गिर गए, जिससे वे चोटिल हो गए। हादसे में उनकी मोटरसाइकिल भी खराब हो गई। इसके बावजूद सड़क की उचित मरम्मत नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।अनुविभागीय अधिकारी नरहरपुर एमआर मरकाम ने बताया कि सड़क मार्ग पर बने बड़े-बड़े गड्ढों को भरने के लिए गिट्टी डाली गई है। जल्द ही गिट्टी के ऊपर डस्ट डालकर सड़क की मरम्मत का कार्य पूरा किया जाएगा।

### मिट्टी से फिसलकर मोटर सायकिल हो रहे धराशायी



#### जर्जर रोड पर दुपहिया चलाना खतरनाक

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के गड्ढों में केवल गिट्टी डाल देना पर्याप्त नहीं है। मरम्मत का कार्य इस तरह किया जाना चाहिए, जिससे सड़क समतल और सुरक्षित हो सके। गिट्टी के ऊपर मुरूम-मिट्टी डालकर उसे व्यवस्थित तरीके से दबाया जाना जरूरी है, ताकि आवागमन के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी न हो और दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। सड़क की बदहाल स्थिति से परेशान लोगों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द मरम्मत कार्य पूरा कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर गिट्टी बिखरी रहने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विशेषकर रात के समय इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए सड़क के गड्ढों की उचित मरम्मत कराई जाए और मार्ग को आवागमन के लिए सुरक्षित बनाया जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे अपनी मांगों को लेकर उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत मटोली निवासी 16 वर्षीय बिट्टी जुर्री पिता संतोष जुर्री ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि मृतक द्वारा 25 अक्टूबर को अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दाई के दुलरवा नवरत्न पटपर जस झांकी 30 को, तैयारी तेज



**दुधावा।** सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम साल्हेटोला में 30 अक्टूबर शुक्रवार को दाई के दुलरवा नवरत्न पटपर जस झांकी डोंगरगढ़ (राजनांदगांव) का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर ग्राम में उत्साह का माहौल है। आयोजन को सफल बनाने के लिए हमर संगवारी युवा, युवती एवं महिला-पुरुषों की समिति तैयारियों में जुटी हुई है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं एवं दर्शकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आयोजन समिति द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, पार्किंग, दर्शकों के बैठने तथा मंच की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समिति के सदस्य आपसी सहयोग और समन्वय से व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं। आयोजन समिति का प्रयास है कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो तथा दर्शकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। तैयारियों में काजू राम साहू, शिवनारायण कुलदीप, योगेश कुमार नाग, अंकित जायसवाल, नीरज कुमार गुप्ता, सन्नी सोनी, भुपेश्वर मंडावी, रामचंद पटेल एवं गोपाल भास्कर सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

### साप के काटने से मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत 58 वर्षीय सन्नीबाई तुलावी पति दयाराम को साप ने काट लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे ने पुलिस को बताया कि उनकी मां हिंगझर के खेत लाड़ी की ओर गई थी तभी 24 अक्टूबर की रात को साप ने काट लिया। साप के काटने से उसकी मौत हुई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक राजेश राठौड़ ने ली पत्रकार वार्ता

# वोट चोरी व एसआईआर मुद्दे पर कांग्रेस ने किया हमला, पारदर्शिता की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष चुनाव और मतदाता सूची में पारदर्शिता को जरूरी बताते हुए कांग्रेस ने वोट चोरी के आरोपों और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक राजेश राठौड़ ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और पात्र मतदाताओं के मतदान अधिकारों को लेकर कांग्रेस का पक्ष मीडिया से रूबरू होते हुए रखा। मीडिया से संवाद करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक ने कहा कि कांग्रेस लगातार चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने और हटाने, दोहरे पंजीकरण तथा संदिग्ध मतदाता प्रविष्टियों से संबंधित मामलों में गंभीर सवाल सामने आए हैं। इन मामलों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति जनता के सामने रखी जानी चाहिए। उन्होंने महाराष्ट्र, कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र और हरियाणा में मतदाता सूचियों को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों का उल्लेख करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को संबंधित आंकड़े सार्वजनिक करने चाहिए। इससे मतदाता सूची में हुए बदलावों की स्थिति स्पष्ट होगी और चुनावी व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा मजबूत करने में मदद मिलेगी।




#### जनता को अभियान से जोड़ेंगे

जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव ने बताया कि कांग्रेस देशभर में वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के माध्यम से मतदाता अधिकारों और चुनावी पारदर्शिता के मुद्दों को उठा रही है। अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता मतदाता सूचियों का सत्यापन करेंगे, नागरिकों की शिकायतों को सामने लाएंगे और आवश्यक सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों तक मामले पहुंचाएंगे। इस अभियान के माध्यम से मतदाता सूची की शुद्धता और प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान अधिकार की सुरक्षा को लेकर अभियान चलाएंगे।

#### 13.3 करोड़ नाम हटाए जाने के दावे पर मांगा जवाब

*एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूचियों से लगभग 13.3 करोड़ नाम हटाए जाने के मुद्दे को उठाते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक ने मांग किया कि हटाए गए नामों, अंतिम मतदाता सूची में हुए बदलावों और अपील के बाद बहाल किए गए नामों का विस्तृत ब्योरा सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम शामिल करने और हटाने की प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का मतदान का अधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए।*

#### पत्रकार वार्ता में यह रहे शामिल

*आयोजित पत्रकारवार्ता में पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, विधायक सावित्री मनोज मंडावी, गंगा पोटाई, बिरेश ठाकुर, शंकर ध्रुवा, जनक नंदन कश्यप, विजय ठाकुर, नितिन पोटाई, रूप सिंह पोटाई, हेमंत ध्रुव, महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा बंटी, नरेंद्र यादव सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।*

# महिला को धमकाया व ईंट मारी, रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



शहर के बंगालीपारा सिंगारभाट क्षेत्र में एक महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने दो लोगों पर आए दिन शराब पीकर घर पहुंचने, विवाद करने और परिवार को डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार बंगालीपारा सिंगारभाट निवासी 45 वर्षीय सविता साहा पति स्व. कार्तिक साहा ने आरोप लगाया है कि निरंजन साहा और नरेंद्र साहा उसके घर पहुंचे और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान दोनों ने अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया और उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला के मुताबिक आरोपियों द्वारा आए दिन शराब पीकर उसके घर पहुंचकर विवाद किया जाता है तथा परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की जाती है।

पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने उसके सिर पर ईंट से वार किया, जिससे उसे चोट आई है।

महिला का यह भी आरोप है कि आरोपी उसके घर को तोड़ने और पूरी जगह पर आग लगाने की धमकी देते हैं। इसके अलावा, उसके बेटे को भी जान से मारने की धमकी दिए जाने की बात कही गई है। लगातार विवाद और धमकियों के कारण उसका परिवार भयभीत है।

#### पुलिस ने दर्ज किया मामला

पीड़िता की शिकायत के आधार पर कांकेर पुलिस ने निरंजन साहा और नरेंद्र साहा के विरुद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) एवं 351(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। जांच के बाद प्रकरण में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी से मारपीट की और धमकी दी, पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



पारिवारिक विवाद को लेकर पति द्वारा पत्नी के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, मारपीट की घटना में उसके चेहरे और हाथ में चोट आई है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे 34 वर्षीय रिकेश्वरी यादव ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2010 में ग्राम तांसी निवासी संदीप यादव के साथ प्रेम विवाह हुआ था। दोनों के दो बच्चे हैं। पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2020 में उसका पति ऑनलाइन काम करने की बात कहकर कांकेर आ गया था और यहां किराये के मकान में रहने लगा। वह कभी-कभार ही गांव तांसी आता-जाता था। पति के गांव आने-जाने में कमी होने पर जब उसने जानकारी ली, तो उसे कथित तौर पर पता चला कि उसका पति कांकेर में किसी अन्य युवती के साथ रह रहा है। जब उसने अपने पति से उसे भी कांकेर ले जाने के लिए कहा, तो वह उसे कांकेर ले आया। अगले दिन नवाखाई त्योहार मनाने के बहाने उसे गांव तांसी ले गया और शाम को उसे छोड़कर वापस कांकेर लौट आया। इसके बाद मैं 23 अक्टूबर को वापस आ गई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 24 अक्टूबर की रात करीब एक बजे पारिवारिक बातों को लेकर पति ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद 26 अक्टूबर की सुबह करीब पांच बजे फिर विवाद हुआ। आरोप है कि इस दौरान पति ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके चेहरे और हाथ में चोट आई। शिकायत पर पुलिस ने संदीप यादव के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# छग सोनार समाज की जिला स्तरीय बैठक में बनी रणनीति



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़िया सोनार समाज जिला कांकेर की जिला स्तरीय सामाजिक बैठक रविवार 25 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे महुरबंदपारा में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे समाजजनों ने हिस्सा लिया। इस दौरान समाज की एकता, संगठन विस्तार और सामाजिक चेतना को मजबूत बनाने सहित युवाओं को संगठन से जोड़ने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ समाज के आराध्य देव बालक भगवान की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित समाजजनों ने समाज की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए आपसी एकता और सहयोग आवश्यक है। छोटे-छोटे मतभेदों को दूर कर सभी को समाजहित में मिलकर कार्य करना चाहिए। बैठक में युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई। इसके तहत जिले के प्रत्येक ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर युवा कार्यकारिणी गठित करने पर जोर दिया गया। साथ ही व्हाट्सएप ग्रुप और फेसबुक पेज के माध्यम से युवाओं को जोड़कर सामाजिक गतिविधियों की जानकारी साझा करने की योजना बनाई गई। बैठक के अंत में उपस्थित सदस्यों ने समाज को संगठित, शिक्षित और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी और संगठन मजबूत होगा। इस अवसर पर चमन सोनी, संतोष सोनी, तारणी सोनी, रिखबचंद सोनी, दिनेश सोनी, गजेन्द्र सोनी, शेषलाल सोनी, धारेन्द्र सोनी, नोमेन्द्र सोनी, प्रेमलता सोनी, रितूरानी सोनी, अनिता सोनी सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# अस्मिता वेटलिफ्टिंग सिटी लीग में ज्योति बेस्ट फ्रि लिफ्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना



ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल की बेटियों और महिलाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर में अस्मिता वेटलिफ्टिंग सिटी लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक दिवसीय इस प्रतियोगिता में जिलेभर से लगभग 40 से 50 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में ज्योति नेताम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट लिफ्टर का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ के संरक्षक विजय बघेल, संघ के अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला भारोत्तोलन संघ की अध्यक्ष तारा ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में शाला समिति अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, ग्राम पंचायत अभनपुर की सरपंच मालती नेताम, जनपद सदस्य भाऊ राम भास्कर एवं भानु नेताम, उपसरपंच बुधेश भास्कर, थाना प्रभारी योगेंद्र वर्मा तथा विद्यालय के प्राचार्य आरपी नेताम सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। मंच संचालन सुकलाल नुरेशिया ने किया। आयोजकों ने बताया कि ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों की बेटियों को भारोत्तोलन जैसे खेलों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को आगे लाने के उद्देश्य से प्रतियोगिता आयोजित की गई।

ग्रामीणों और वरिष्ठजनों के सहयोग से हुए इस आयोजन में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ के महासचिव राजेश जंघेल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय निर्णायकों द्वारा किया गया। निर्णायक की भूमिका छबिराम विश्वकर्मा, सुमित सिन्हा और कोमल सोनी ने निभाई। आयोजन की जिम्मेदारी सचिव माधुरी साहू एवं कांकेर जिला भारोत्तोलन संघ ने संभाली। प्रतियोगिता के 49 किलोग्राम वर्ग में किरण सरोज प्रथम, याचना पटेल द्वितीय और लक्ष्मी मरकाम तृतीय रहीं। 53 किलोग्राम वर्ग में माधुरी नेताम, हंसिका कोर्राम और प्रेरणा प्रधान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 57 किलोग्राम वर्ग में योगिता निषाद प्रथम, वंदना कुंजाम द्वितीय और रेणुका भास्कर तृतीय रहीं।

इसी तरह 61 किलोग्राम वर्ग में वीणा कुंजाम प्रथम, नम्रता नेताम द्वितीय और लीना चन्द्रवंशी तृतीय रहीं। 69 किलोग्राम वर्ग में ज्योति नेताम ने प्रथम, लता नेताम ने द्वितीय और अंबिका नेताम ने तृतीय स्थान हासिल किया। 77 किलोग्राम वर्ग में ललिता चक्रधारी प्रथम, तिलस्मी नेताम द्वितीय और प्रतिभा सिन्हा तृतीय रहीं। 86 किलोग्राम वर्ग में विभा कोर्राम प्रथम, लक्ष्मी बेसरा द्वितीय और खिलेश्वरी बेसरा तृतीय रहीं। वहीं, 86 किलोग्राम से अधिक वर्ग में शांता यादव प्रथम, वंदना भास्कर द्वितीय और कशिश कुंजाम तृतीय स्थान पर रहीं।

# संगठन विस्तार व बूथ मजबूती व जनहित के मुद्दों पर नीति तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़



आम आदमी पार्टी की ओर से अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी का विस्तार बूथ स्तर तक करने के उद्देश्य से कोयलीबेड़ा में विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, युवाओं की भागीदारी और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

वक्ताओं ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना और शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर आवाज बुलंद करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद करने और उनकी समस्याओं को समझकर समाधान के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। बैठक में नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा प्रत्येक बूथ पर संगठन को सक्रिय बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। नेताओं ने कहा कि मजबूत संगठन के माध्यम से ही क्षेत्र की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सामने लाया जा सकता है। अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आदिवासी समाज के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने पर जोर दिया गया। आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी सौरभ झा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मेहर सिंह वट्टी, परवेज खान, राजू सलाम, शिव पोटाई तथा बारसू हुपेंडी, राम कुमार ध्रुव, लीलेश कुमार, यामनी कोमरा, सुरेंद्र उइके, सनाऊ नेताम, करन उइके, रामसाय पोटाई, महेश कुमार, शिवराम, रोशन लाल पोटाई, किशोर कोवाची, सुरेंद्र कड़ियाम, राजनाथ पोटाई, लखन तेता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सड़क निर्माण में लापरवाही से लोग परेशान

**जगदलपुर।** दलपत सागर से लेकर अनुपमा टॉकिज तक सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते सड़क में पानी नहीं डालना लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सड़क के दोनों और बने घरों में धूल के कारण आने जाने वालों के अलावा घर में रहने वाले लोगों को खासी दिक्कत हो रही है। हरिभूमि से चर्चा में वार्डवासियों ने बताया कि रविवार को सड़क पर पानी नहीं डालने से पूरे मार्ग में धूल वाहनों के चलने से उड़ रही थी।

